# श्री बैजनाथ गर्ल्स इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन एण्ड मैनेजमेन्ट

अलादादपुर, लोनीकटरा, त्रिवेदीगंज,बाराबंकी उत्तर प्रदेश

सत्र 20 –20

**स्थापना तिथि एवं वर्ष - बसंतपंचमी (12 फरवरी 2012)**

संबद्धता–

## शिक्षा संकाय

डी.एल.एड.(बी.टी.सी.)

## प्रवेश विवरणिका

**व्यवस्थापक**

**श्री अखिलेश कुमार वर्मा**

मो0–9935832433

**कार्यवाहक प्राचार्य**

**श्रीमती नीलम वर्मा**

# श्री बैजनाथ गर्ल्स इन्स्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन एण्ड मैनेजमेन्ट

## अलादादपुर, लोनीकटरा, त्रिवेदीगंज, बाराबंकी उत्तर प्रदेश

## परिचय

श्री बैजनाथ गर्ल्स इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन एण्ड मैनेजमेंट अलादादपुर, लोनीकटरा, त्रिवेदीगंज, बाराबंकी पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग –56 लखनऊ सुल्तानपुर रोड पर थाना लोनीकटरा, त्रिवेदीगंज, बाराबंकी के पास स्थित है। यह महाविद्यालय पूर्व विधान परिषद सदस्य श्री रामपाल वर्मा, स्व0 बनवारी लाल वर्मा, स्व0 श्री रामनरेश वर्मा, श्री शिवबालक वर्मा, के सहयोग से ब्लाक त्रिवेदीगंज एवं आस–पास की बालिकाओं की उच्च शिक्षा हेतु श्री अखिलेश कुमार वर्मा सेटलर/व्यवस्थापक, विजय कुमार वर्मा मुख्यट्रस्टी, अजय सिंह ट्रस्टी के द्वारा अपने दादा जी की पावन स्मृति में स्थापित किया गया है। यह तथ्य सर्व विदित है शिक्षा केक्षेत्र में पिछडे इस जनपद के ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश निर्धन, किन्तु मेधावी बालिकओ की कला, तकनीकी, मेडिकल/ प्रबन्धन/ कम्प्यूटर आदि की उच्च शिक्षा प्रप्त करने से वंचित रह जाते है। इसलिये श्री अखिलेश कुमार वर्मा एवं उनके परिवार के सभी सदस्यों ने समस्या की चुनौती के रूप में स्वीकार कर इस महाविद्यालय का स्थापना का संकल्प लिया।

इस महविद्यालय की स्थापना में जिन महानुभाओं एवं शिक्षाविदो का अभूतपूर्व योगदान रहा है उनमें डॉ0 राधेलाल वर्मा सचिव जानकी प्रसाद वर्मा महिला महाविद्यालय बाराबंकी, श्री चन्द्रकिशोर शर्मा वरिष्ठ पत्रकार लखनऊ, श्री जितेन्द्र कुमार वर्मा राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग लखनऊ का योगदान सर्वोपरि है इस महविद्यालय की स्थापना में क्षेत्र के उच्च शिक्षा प्रेमियों प्रतिष्ठित नागरिकों क्षेत्र के ग्राम प्रधानों तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं विभिन्न अधिकारियों का योगदान भी उल्लेखनीय है जिसे कभी विस्मृत नही किया जा सकता है

महाविद्यालय में डी.एल.एड.(बी.टी.सी.) कोर्स में प्रवेश केवल बालिकाओं हेतु परीक्षा नियामक प्राधिकारी इलाहाबाद एवं उत्तर प्रदेश शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप आनलाइन काउन्सलिंग के माध्यम से होगा।

श्री बैजनाथ गर्ल्स इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन एण्ड मैनेजमेन्ट अलादादपुर, लोनीकटरा, त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, समाज के प्रत्येक समुदाय के सर्वागीण विकास के लिये समर्पित महाविद्यालय है। इसीलिए यह महाविद्यालय छात्राओं के व्यक्तित्व एवं कौशल विकास पर विशेष बल देता है। यद्यपि महाविद्यालय का साधारण श्रेणी के ही छात्राएं मिलती है फिर भी महाविद्यालय उन्हें सर्वगुण सम्पन्न छात्राओं के रूप में ढालने का प्रयास करता है।

यह महाविद्यालय शहर की आपाधापी तथा कोलाहल से दूर ग्रामीण क्षेत्र में प्रकृति की सुरम्य स्थली, लखनऊ–सुल्तानपुर, राज्यमार्ग पर लखनऊ से 44 किमी. तथा हैदरगढ़ से लखनऊ की ओर 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

# डी.एल.एड. (बी.टी.सी.) पाठ्यक्रम हेतु

बी.टी.सी. पाठ्यक्रम हेतु महाविद्यालय से आवेदन प्राप्त कर निम्न प्रपत्रों के साथ जमा करना होगा।

1. आनलाइन मूल आवेदन पत्र ।
2. डी.एल.एड. (बी.टी.सी.) फीस भुगतान स्लिप।
3. शैक्षिक योग्यता की सभी मूल अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र तथा समस्त प्रामणपत्रों की फोटो प्रति
4. निवास प्रमाण–पत्र।
5. चरित्र प्रमाण पत्र।
6. आरक्षित वर्ग हेतु जाति प्रमाण पत्र।
7. चिकित्सा प्रमाण पत्र
8. पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ
9. आधार कार्ड
10. मोबाइल नम्बर

# अनुशासन

1. प्रत्येक छात्रा से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अनुशासनबद्ध रहकर अनुकूल आचरण अपनायें। अनुशासनहीनता बरतने पर छात्रा के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। जिसमें दोषी छात्रा का महाविद्यालय से निष्कासन भी संम्भव है। महाविद्यालय की अवधि में छात्रा के लिये किसी भी बाहरी आगन्तुक से मिलना मना है।
2. यदि किसी छात्रा द्वारा तथ्य को छिपाकर अथवा असत्य कथन के आधार पर महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त कर लिया जाता है तो प्रचार्य द्वारा किसी भी समय उसका प्रवेश निरस्त किया जा सकता है, अथवा की परीक्षा में उसे सम्मिलित होने से वंचित किया जा सकता है।

# कालेज यूनीफार्म

प्रत्येक छात्रा को विद्यालय में निर्धारित परिधान में आना होगा। जिसमें डी0एल0एड0 के छात्राओं के लिये सफेद रंग का कुर्ता, एवं फिरोजी सलवार, फिरोजी दुपट्टा सुनिश्चित किया गया है।

जो छात्राएं साड़ी पहनती है उनके लिये फिरोजी साड़ी और सफेद ब्लाउज को परिधान के लिये निर्धारित किया गया है।

# छात्रवृत्ति

महाविद्यालय में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, विकलांग अन्य पिछडा वर्ग, आर्थिक दृष्टि से कमजोर सामान्य वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग की छात्राओं के लिये छात्रवृत्ति की सुविधा उपलब्ध है। अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति की छात्रवृत्ति पाने की इच्छुक छात्राओं को, महाविद्यालय द्वारा बैंक में खाता खोलकर खाता संख्या तथा नियमानुसार आनलाइन भरा गया, छात्रवृत्ति आवेदन पत्र दो प्रतियों में महाविद्यालय में प्रवेश के समय देना ही होगा।

# महाविद्यालय पत्रिका

महाविद्यालय द्वारा प्रत्येक वर्ष पत्रिका प्रकाशित की जाती है। प्रत्येक छात्रा इस पत्रिका के लिये अपने मौलिक लेख और कविता आदि प्रभारी प्रवक्ता को दे सकेंगे। प्रभारी प्रवक्ता केवल उसी लेख और कविता आदि प्रवक्ता को पत्रिका में प्रकाशनार्थ सम्मिलित करेगा,जो उच्च श्रेणी का होगा।

# शुल्क विवरण

सम्पूर्ण शुल्क सामान्यत: एक किस्त में देय होगा। विशेष परिस्थिति में उसे दो किस्तो में जमा करने की अनुमति होगी, परन्तु परीक्षा में आवेदन–प्रपत्र जमा करने के पूर्व दूसरी किस्त देना अनिवार्य होगा। शुल्क की धनराशि में किसी भी समय उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासन और विश्वविद्यालय/परी.नि.प्राधिकारी द्वारा संशोधन किया जा सकता है। जिन अभ्यर्थियो का प्रवेश स्वीकृत कर दिया जायेगा, उन्हे निर्धारित तिथि तक कार्यालय में पूरा शुल्क जमा करना होगा अन्यथा उनका प्रवेश निरस्त माना जायेगा। यदि शासन अथवा विश्वविद्यालय/परी. नियामक प्राधिकारी की ओर से भविष्य में शुल्क सम्बन्धित कोई परिवर्तन होता है तो उसकी सूचना महाविद्यालय के सूचना पट पर लगा दी जायेगी। शुल्क जमा होने बाद वह ना वापस होगा और न ही अन्यत्र उसे अन्तरित ही किया जायेगा।

प्रवेश के समय छात्रा को शुल्क रसीद जिसमें छात्रा द्वारा चयनित बिषयों का भी उल्लेख है, दी जायेगी। यह शुल्क रसीद, प्रत्येक छात्रा को अपने पास सुरक्षित होगी और बिषयों से सम्बन्धित प्रवक्ता को उसे दिखा कर वह अपना नाम सम्बन्धित बिषय के उपस्थिति रजिस्टर में अंकित करायेगा। इसी रसीद को वह दिखाकर वह पुस्तकालय से पुस्तकालय कार्ड भी प्राप्त कर सकेगा।

# सूचनाओं का प्रसारण

महाविद्यालय, विश्वविद्यालय तथा अन्य आनुषांगिक विभाग की समस्त आवश्यक सूचनाएँ महाविद्यालय के सूचना–पट पर प्रदर्शित की जायेगी। छात्राओं से अपेक्षा की जाती है कि सूचना पट पर प्रदर्शित सूचनाओं को अवश्य पढ़े।

# परिचय-पत्र

प्रत्येक छात्रा को महाविद्यालय का परिचय– पत्र रखना अनिवार्य हैं परिचय पत्र छाया को महाद्यािलय द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा जिसे प्राचार्य के हस्ताक्षर से छात्रा को निर्गत किया जायेगा। यदि किसी का परिचय पत्र खो जाता है तो उसे नया परिचय पत्र बनवाने लिये रू100/ कार्यालय में जमा होगा। परिचय–पत्र सदैव अपने पास रखना छात्रा के लिये अनिवार्य है। महाविद्यालय के द्वारा निर्गत यह परिचय–पत्र, मात्र एक ही शिक्षा–सत्र के लिये मान्य होगा। अतएव प्रत्येक छात्रा को नये सत्र में प्रवेश करने पर नया परिचय–पत्र बनवाना होगा।

# क्रीड़ा

महाविद्यालय में छात्राओं के लिये खेलकूद की समुचित व्यवस्था है। इस समय महाविद्यालय की छात्राओ के लिये फुटबाल, वालीबाल, खो–खो, कबड्डी, बैडमिंटन तथा टेबुल–टेनिस की विशेष व्यवस्था है। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा क्रीडा समिति की व्यवस्था की गयी है, जो क्रीडा व्यवस्थाओं का समुचित रूप देती है। किसी भी छात्रा के लिये कोई भी क्रीडा–सामग्री घर ले जाने के लिये अनुमन्य नही होगी। विश्वविद्यालय तथा अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने वाली टीमों को महाविद्यालय के खेल–प्रशिक्षको के द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है।

# पुस्तकालय एवं वाचनालय

महाविद्यालय में पुस्तकालय एवं वाचनालय की समुचित व्यवस्था है। प्रत्येक छात्रा को पुस्तकालय और वाचनालय के सम्बन्ध में अग्रलिखित नियमों का पालन करना होता है–

1. प्रत्येक छात्रा को एक समय में दो पुस्तके मिलेंगी जो 15 दिन के लिये निर्गत की जायेंगी।
2. निर्धारित समय पर पुस्तके जमा न करने पर दो रूपया प्रतिदिन की दर से दण्ड देना होगा।
3. छात्राओं को पुस्तकालयाध्यक्ष द्वारा निर्धारित दिवस और समय पर ही पुस्तकें निर्गत की जायेगी।
4. निर्गत पुस्तकों की सुरक्षा का उत्तरदायित्व स्वयं छात्रा का होगा। वे उसे फटने तथा खराब न होने दे।
5. छात्रा द्वारा पुस्तकालय से प्राप्त की गई पुस्तकों को परीक्षा के पूर्व जमा कर देना होगा। इसके बाद ही छात्रा को परीक्षा प्रवेश पत्र दिया जायेगा। परीक्षा प्रारम्भ हो जाने पर उन्हे पुस्तके निर्गत नही की जायेगी।
6. पुस्तकालय सम्बंधी सूचनाएं, महाविद्यालय के सूचना पट पर प्रदर्शित की जायेगी।
7. वाचनालय में छात्राओ को हिन्दी और अंग्रेजी के समाचार पत्र तथा उपयोग सप्ताहिक और मसिक पत्रिकाएं उपलब्ध करायी जायेगी।
8. प्रत्येक छात्रा का यह उत्तरदायित्व होगा कि वह वाचनालय में पूर्ण शान्ति बनाये रखे।
9. समाचार पत्र और पत्रिकाएं केवल वाचनालय में पढ़ने के लिये ही उपलब्ध होगी।

10. वाचनालय में समाचार पत्र पत्रिकाएँ, परिचय पत्र दिखाकर प्राप्त की जा सकेगी। उस समय उनका वह परिचय पत्र, सम्बन्धित वाचनालय के अधिकारी के पास जमा हो जायेगा।

11. समाचार पत्र/पत्रिका जमा करने पर परिचय–पत्र वापस कर दिया जायेगा।

## उपस्थिति

कक्षाओं में छात्राओं की नियमित उपस्थिति आवश्यक है। सत्र के अन्त तक प्रत्येक विषय में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। इससे कम उपस्थिति हाने पर छात्रा को परीक्षा में सम्मिलित होने से रोक दिया जायेगा। 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति की दशा के नियमानुसार सक्षम अधिकारी की अनुमति से छात्रा को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्राप्त हो सकती है।

# अध्ययन हेतु उपलब्ध विषय

## निर्धारित सीटों की संख्या-50


# अध्ययन हेतु उपलब्ध विषय


| प्रथम वर्ष : प्रथम सेमेस्टर | प्रथम वर्ष : द्वितीय सेमेस्टर |
|---|---|
| **सैद्धान्तिक प्रश्न-पत्र** | **सैद्धान्तिक प्रश्न-पत्र** |
| • बाल विकास एवं सीखने की प्रक्रिया | • वर्तमान भारतीय समाज और प्रारम्भिक शिक्षा |
| • शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त | प्रारम्भिक शिक्षा के नवीन आयाम |
| **विषयों का व्यावहारिक शिक्षण** | **विषयों का व्यावहारिक शिक्षण** |
| • विज्ञान | • हिन्दी |
| • गणित | • अंग्रेजी |
| • सामाजिक अध्ययन | • गणित |
| • हिन्दी | • सामाजिक अध्ययन |
| • संस्कृत | • विज्ञान |
| • कम्प्यूटर | • समाजोपयोगी उत्पादन कार्य |
| • कला | • कला/संगीत/शारीरिक शिक्षा/स्वास्थ्य शिक्षा |
| • संगीत | • इनमें से एक |
| • शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य | |

# महाविद्यालय शिक्षक परिवार -डी0एल0एड0 (बी.टी.सी.)

| | |
|---|---|
| 1. श्रीमती नीलम वर्मा | कार्यवाहक प्रचार्य एवं विभागाध्यक्ष |
| 2. अर्चना वर्मा | प्रवक्ता |
| 3. पवन कुमार वर्मा | प्रवक्ता |
| 4. राकेश कुमार | प्रवक्ता |
| 5. धर्मेन्द्र कुमार | प्रवक्ता |
| 6. पूनम सिंह | प्रवक्ता |
| 7. राकेश कुमार बाजपेई | प्रवक्ता |

# श्री बैजनाथ गर्ल्स इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन एण्ड मैनेजमेन्ट

## अलादादपुर लोनीकटरा, त्रिवेदीगंज बाराबंकी

( एन. सी. टी. ई. से मान्यता प्राप्त एवं एस. सी. ई.आर.टी. लखनऊ से सम्बद्धता प्राप्त)

## डी0एल0एड्0 (बी. टी.सी.) प्रवेश हेतु आवेदन पत्र

यहाँ पर स्व0 हस्ताक्षरित फाटो लगाएँ

1. क्रम संख्या........................................................................
2. कक्षा.............................सत्र.............................. सेमेस्टर..............................
3. रजिस्ट्रेशन नम्बर..................................रैंक..........................गुणांक..............................
4. जाति......................................उपजाति ..............................धर्म ..............................
5. छात्रा का नाम ( हिन्दी में)...................................................... जन्मतिथि..............................
6. छात्रा का नाम (अंग्रेजी में कैपिटल लेटर में)...............................................................
7. पिता का नाम ( हिन्दी में)......................................................व्यवसाय..............................
8. पिता का नाम (अंग्रेजी में कैपिटल लेटर में)...............................................................
9. माता का नाम (हिन्दी में)...............................................................
10. माता का नाम( अंग्रेजी में कैपिटल लेटर में)...............................................................
11. स्थायी पता......................................................................पिनकोड..............................
12. स्थायी पता......................................................................पिनकोड..............................
13. आधार संख्या ..................................................फोन नं0 ..............................
14. .ई मेल......................................................................व्हाटसप नं0 ..............................
15. शैक्षिक योग्यता का विवरणः

| क्रम. | परीक्षा | बोर्ड / विश्वविद्यालय जहाँ से परीक्षा उत्तीर्ण की | उत्तीर्ण होने का वर्ष | विषय | श्रेणी | कुल प्राप्तांक | प्राप्तांक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हाईस्कूल | | | | | | |
| 2 | इण्टरमीडिएट | | | | | | |
| 3 | स्नातक या समकक्ष | | | | | | |
| 4 | परास्नातक या समकक्ष | | | | | | |
| 5 | अन्य | | | | | | |

16. **संलग्नकः** आनलाइन मूल आवेदन पत्र, फीस भुगतान स्लिप, शैक्षिक योग्यताओं की मूल प्रति एवं प्रमाणित प्रति, निवास प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, चिकित्सा प्रमाण पत्र, फोटोग्राफ, आधार कार्ड, मोबाइल नम्बर आदि।

**प्रवेश समिति की संस्तुति**

स्वीकृत / अस्वीकृत..............................

**कार्यालय प्रयोग के लिये**

धनराशि रू0 में ..............................

रसीद संख्या ..............................

प्रवेश दिनांक ..............................

हस्ताक्षर लेखाकार

घोषणा पत्रः—

मैं प्रमाणित करता हूँ कि उपर्युक्त विवरण सत्य है। मै प्रतिज्ञा करती हूँ कि इस महाविद्यालय के नियमों का पालन करूंगी तथा अनुशासनबद्ध रहकर अध्ययन करूंगी। मै सशपथ यह भी घोषणा करती हूँ कि मैं न तो किसी अन्य महाविद्यालय की नियमित या व्यक्तिगत छात्रा हूँ और न कही किसी सेवा में हूँ यदि मेरी उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम पाई गई तो परीक्षा से रोंके जाने पर मुझे कोई आपत्ति नही होगी।

..............................
अभिभावक के हस्ताक्षर

..............................
दिनाँक

..............................
प्रवेशार्थी के हस्ताक्षर

# Sri Baijnath Girls Institute of Education & Management

Aladadpur Lonikatra, Trivediganj, Barabanki

**Affiliation Year : 2016-17**

# PROSPECTUS

## छात्राओं तथा अभिभावकों के लिए आवश्यक निर्देश

1. प्राचार्य से महाविद्यालय की छात्राओं के मिलने का समय अपरान्ह 12 से 01 बजे तक ।
2. प्राचार्य से छात्राओं के माता–पिता तथा अधिकृत अभिभावक के मिलने का समय अपरान्ह 01 से 02 बजे तक ।
3. परीक्षा आवेदन परीक्षा नियामक प्राधिकारी द्वारा निर्धारित दिनांक तक अवश्य भर दें।
4. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की छात्राएं प्रवेश के समय ही अपनी छात्रवृत्ति की खाता संख्या देकर छात्रवृत्ति आवेदन पत्र दो प्रतियों में कार्यालय में अवश्य जमा करें।

**Affiliation in**

**Education Faculty**

**D.El.Ed. (B.T.C.)**



**Settler/Vyavasthpak-Akhilesh Kumar Verma**